**दिनांक–22.12.2025 को मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव प्रखंड के 10+2 राज हाई स्कूल, डुमरांव में 200 मीटर ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य का परिवाद निस्तार पर विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक की कार्यवाही:–**

---

**उपस्थिति:**

1. **श्री अनिल कुमार,** मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना – अध्यक्ष
2. **श्री सत्येन्द्र कुमार चौधरी,** महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना – सदस्य
3. **श्री विकास कुमार पाण्डेय,** महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना – सदस्य
4. **श्री जितेन्द्र कुमार,** उप महाप्रबंधक, पी0आई0यू0, पटना – सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | मुख्यमंत्री खेल विकास योजनान्तर्गत बक्सर जिलान्तर्गत डुमरांव प्रखंड के 10+2 राज हाई स्कूल, डुमरांव में 200 मीटर ट्रैकयुक्त फुटबॉल स्टेडियम का निर्माण कार्य। |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹205.92 लाख खेल विभाग का पत्रांक–336 दिनांक–23.06.2025. |
| 3 | योजना की तकनीकी स्वीकृति की राशि | – | ₹209.50 लाख, दिनांक–05.08.2025 |
| 4. | परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹1,96,03,204.00 |
| 5. | पुनर्निविदा संख्या एवं प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | - | **36/2025-26 (Gr.-3), 010908 (B&C) 2025-26** |
| 6. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | दिनांक–08.08.2025 को प्रभात खबर एवं हिन्दुस्तान में। |
| 7. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 8. | निविदा प्राप्ति (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | – | दिनांक–21.08.2025 से 15.09.2025 के 15:00 बजे तक |
| 9. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि एवं समय | – | दिनांक–16.09.2025 के 15:00 बजे तक |
| 10. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | – | दिनांक–17.09.2025 के 15:00 बजे |
| 11 | निविदा में भाग लेने वाले निविदादाता | - | (i) Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar), S/o Dadan Prasad, Bandhan Patwa Road, Dumraon, Distt.- Buxar-802119.<br><br>(ii) Nonpareil Construction LLP., Civil Line, Urban, Distt.- Buxar- 802101.<br><br>(iii) Manas Construction, J/20, P.C.- Colony, Kankarbagh, Distt.- Patna- 800020.<br><br>(iv) Krishan Kumar Singh, S/o Bahadur Singh, Bima Lakhan Sen, Vaishali- 844125. |

(v) Bhardwaj Infratech (Prop.- Rishav Bhardwaj), Address-Shantikunj, Mahatma Gandhi Nagar, Kankarbagh Patna, Kanti Factory Road, Sampatchak, Dist.-Patna-800026.

(vi) Maa Bhagwati Construction, Village- Kala Dumra, Po.- Kala Dumra, P.S.- G.B. Nagar, Distt.- Siwan- 841439.

12. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः–

विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक–19.11.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में सर्वसम्मति से इस निविदा में शामिल शामिल कुल छः निविदादाताओं में से तीन निविदादाताओं (i) Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar), S/o Dadan Prasad, Bandhan Patwa Road, Dumraon, Distt.- Buxar-802119 (ii) Manas Construction, J/20, P.C.- Colony, Kankarbagh, Distt.- Patna- 800020 (iii) Krishan Kumar Singh, S/o Bahadur Singh, Bima Lakhan Sen, Vaishali- 844125 को तकनीकी बीड में **रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **सफल** एवं शेष तीन निविदादाताओं (i) Nonpareil Construction LLP., Civil Line, Urban, Distt.- Buxar-802101(ii) Bhardwaj Infratech (Prop.- Rishav Bhardwaj), Address-Shantikunj, Mahatma Gandhi Nagar, Kankarbagh Patna, Kanti Factory Road, Sampatchak, Dist.-Patna-800026 (iii) Maa Bhagwati Construction, Village- Kala Dumra, Po.- Kala Dumra, P.S.- G.B. Nagar, Distt.- Siwan- 841439 को तकनीकी बीड में **नॉन रेस्पॉन्सिव** पाये जाने के उपरान्त **असफल** घोषित किया गया था। साथ ही तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि इस कार्यवाही को निगम वेबसाईट पर रखा जाय। दिनांक–25.11.2025 के अपराहन 12.30 बजे तक निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवाद प्राप्त होता है, तो मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना पुनः तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक आहूत करेंगे। उक्त तिथि तक किसी प्रकार की परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में तकनीकी बीड में सफल सभी निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा निष्पादन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई करेंगे।

उक्त क्रम में दिनांक–24.11.2025 को ब्रजेश नारायण सिंह, ग्राम–तेरसिया, वार्ड–12, पोस्ट–रत्नाकर, थाना–गंगा ब्रिज, जिला–वैशाली–844101 द्वारा परिवाद समर्पित किया गया, जो निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 सं0 | परिवादी का नाम एवं पता | परिवाद | समीक्षा |
|---|---|---|---|
| 1 | **ब्रजेश नारायण सिंह,** ग्राम–तेरसिया,वार्ड–12, पोस्ट–रत्नाकर, थाना– गंगा ब्रिज, जिला– वैशाली–844101 | उपर्युक्त परिवाद के संबंध में कहना है कि विषयांकित Tender का तकनीकी मूल्यांकन में संवेदक Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar), S/o Dadan Prasad, Bandhan Patwa Road, Dumraon, Distt.- Buxar-802119 को रेस्पॉन्सिव किया गया है। जबकि संवेदक को पहले से ही ज्ञापांक–1057 दिनांक– 15.10.2024 को | परिवादी **ब्रजेश नारायण सिंह**, द्वारा समर्पित परिवाद की सत्यता की जाँच हेतु निगम कार्यालय के पत्रांक–4866(अनु0) दिनांक–02.12.2025 द्वारा निर्गत करने वाले कार्यालय नगर पंचायत, नासरीगंज को भेजा गया। तदोपरान्त कार्यालय, नगर पंचायत, नासरीगंज के पत्रांक–1104 दिनांक–10.12.2025 द्वारा पत्र प्राप्त हुआ जिसमें स्पष्ट किया गया कि सत्यापित प्रमाण पत्र, नगर पंचायत, नासरीगंज के |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | नगर पंचायत नासरीगंज (रोहतास) के द्वारा Debar /Blacklisted / Rescind (एकरारनामा रद्द) किया गया है परन्तु NIT की कंडिका 27 का इनके द्वारा जाली और गलत शपथ पत्र देकर कार्य प्राप्त करने की कोशिश में संवेदक सफल हो रहे हैं।<br><br>इनके द्वारा समर्पित Existing Commitment & On going works भी इनके द्वारा जाली और गलत दिया गया है। इनका कार्य EE LAEO Works Division Buxar में पंचायत सरकार भवन का अभी भी चल रहा है जिसकी जाँच मापी पुस्तिका से कराया जाये। इनके द्वारा समर्पित Audit Report भी जाली और फर्जी दिया गया है जिसकी जाँच GST R3B और 26AS से कराया जाये।<br><br>महोदय विभाग के अवलोकन हेतु संवेदक Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar) के Debar/ Blacklisted/ Rescined (एकरारनामा रद्द) से संबंधित पत्र का साक्ष्य संलग्न कर रहा हूँ। अतः गलत शपथ पत्र एवं Debar/Blacklisted/Rescined (एकरारनामा रद्द) होते हुए भी निविदाओं में भाग लेकर सफल होने के कृत्य हेतु संवेदक Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar) पर बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के तहत इन पर कार्रवाई करने कृपा की जाये।<br><br>अतः महाशय से अनुरोध है कि मेरे द्वारा उपर दिये गये विषयांकित बिन्दुओं की अवलोकनोपरांत निष्पक्षतापूर्ण जाँच करवाने की कृपा करें और इन निविदाओं में NIT के नियम एवं शर्तों का पालन करते हुए निष्पादन करवाने की कृपा करें। महोदय न्याय उचित करवाई करने की कृपा करें। इसके लिए मैं आपका सदा आभारी रहूँगा। | पत्रांक–1057 दिनांक–15.10.2024 द्वारा निर्गत किया गया है। उक्त पत्र में वर्णित है कि **कार्यपालक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल, रोहतास +कैमूर, सासाराम के पत्रांक–500 दिनांक–13.08.2024 में दिये गये निदेश के आलोक में आपका EMD की कुल राशि ₹1,83,000.00 जब्त करते हुए आवंटित कार्य को रद्द किया जाता है।**<br><br>यह विदित है कि किसी भी योजना में संवेदक को दंडित किये जाने के लिए ही योजना के EMD की राशि को जब्त कर कार्य के एकरारनामा को रद्द किया जाता है। साथ ही यह भी विदित है कि किसी भी कार्य से संवेदक को Rescined के उपरांत ही कार्य के एकरारनामा को रद्द किया जाता है। अतएव, तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा संवेदक को कार्य से Rescined मानते हुए इस निविदा में तथ्य को छिपाने के आरोप के लिए दोषी मानती है।<br><br>अतः सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा परिवादी के परिवाद को **मान्य** करते हुए संवेदक Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar) को **असफल** घोषित करने का निर्णय लिया जाता है। |

**13.तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-**

उपरोक्त तथ्यों पर सम्यक् विचारोपरान्त तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक–19.11.2025 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय में बदलाव करते हुए निविदादाता **Jai Mata Di Enterprises (Shikha Shankar), S/o Dadan Prasad, Bandhan Patwa Road, Dumraon, Distt.- Buxar-802119** को तकनीकी बीड में **असफल** घोषित करते हुए दो निविदादाताओं (i) Manas Construction, J/20, P.C.-Colony, Kankarbagh, Distt.- Patna- 800020 एवं (ii) Krishan Kumar Singh, S/o Bahadur Singh, Bima Lakhan Sen, Vaishali- 844125 को तकनीकी बीड में **सफल** घोषित रखने का निर्णय लिया जाता है। उक्त के आलोक में तकनीकी बीड में सफल दोनों निविदादाताओं का वित्तीय बीड खोलकर निविदा निष्पादन संबंधी अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्णय लिया जाता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22/12/25 | 22/12/25 | 22/12/25 | 22/12/25 |
| (जितेन्द्र कुमार)<br>उप महाप्रबंधक,<br>पी0आई0यू0, पटना। | (विकास कुमार पाण्डेय)<br>महाप्रबंधक (वित्त),<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना | (सत्येन्द्र कुमार चौधरी)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण),<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना | (अनिल कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0,पटना |